## नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय
# कुलपति पद रिक्त, वेतन भुगतान बाधित

**कांग्रेसी हृदयानंद मिश्र ने राज्यपाल से की हस्तक्षेप की मांग**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय में कुलपति पद के रिक्त होने से विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों का वेतन भुगतान बाधित हो गया है। इस पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं झारखंड आंदोलनकारी हृदयानंद मिश्र ने राज्यपाल संतोष गंगवार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

मिश्र ने बताया कि पिछले दो वर्षों से विश्वविद्यालय प्रभारी कुलपति के भरोसे चल रहा था, जो न तो व्यवहारिक था और न ही प्रासंगिक। 31 जनवरी को प्रभारी कुलपति (पलामू प्रमंडल के कमिश्नर) के सेवानिवृत्त होने के बाद से स्थिति और बिगड़ गई है। उन्होंने कहा कि पिछले 16 वर्षों में पहली बार विश्वविद्यालय आठ दिनों से कुलपति विहीन है, जिससे शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मिश्र ने राज्यपाल से आग्रह किया है कि विश्वविद्यालय में शीघ्र ही एक पूर्णकालिक कुलपति की नियुक्ति की जाए और तब तक किसी सक्षम व्यक्ति को प्रभारी कुलपति नियुक्त किया जाए ताकि विश्वविद्यालय का कामकाज सुचारू रूप से चल सके।

# 11 फरवरी से शुरू होगी मैट्रिक-इंटर परीक्षाएं, 67,262 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**76 केंद्रों पर मैट्रिक और 40 केंद्रों पर होगी इंटर परीक्षा, सीसीटीवी की निगरानी में रहेंगे केंद्र**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड अधिविद्य परिषद, रांची द्वारा वार्षिक माध्यमिक (मैट्रिक) और इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 का आयोजन 11 फरवरी से 3 मार्च 2025 तक किया जाएगा। मैट्रिक परीक्षा में 34,665 और इंटर परीक्षा (कला, विज्ञान, वाणिज्य) में 32,597 परीक्षार्थी शामिल होंगे। दोनों परीक्षाओं में कुल 67,262 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

पलामू जिले में मैट्रिक के लिए 76 और इंटरमीडिएट के लिए 40 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा के निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त संचालन को लेकर समाहरणालय सभागार में नगर आयुक्त जावेद हुसैन, उप विकास आयुक्त और अन्य वरीय अधिकारियों की बैठक हुई। इसमें सभी उड़नदस्ता-सह गश्ती दंडाधिकारी, स्टैटिक दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, केंद्राधीक्षक और प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों को परीक्षा संचालन संबंधी दिशा-निर्देश दिए गए।



**प्रथम पाली में मैट्रिक, द्वितीय पाली में इंटर परीक्षा**

- **मैट्रिक परीक्षा :** प्रथम पाली - सुबह 9:45 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक।
- **इंटरमीडिएट परीक्षा :** द्वितीय पाली - दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:15 बजे तक।
- 11 फरवरी से शुरू होकर ये परीक्षाएं 3 मार्च तक चलेंगी।

**सीसीटीवी निगरानी और निषेधाज्ञा लागू**

परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाए जाएंगे। परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू रहेगी, जिससे कोई भी अनधिकृत व्यक्ति प्रवेश न कर सके। केंद्राधीक्षकों को परीक्षा संचालन में किसी भी लापरवाही से बचने के निर्देश दिए गए हैं।

**परीक्षार्थियों की सुविधा का रखा जाएगा ध्यान**

- परीक्षा केंद्रों पर शुद्ध पेयजल, रनिंग वॉटर युक्त शौचालय, उचित रोशनी और पर्याप्त फर्नीचर की व्यवस्था अनिवार्य होगी।
- परीक्षार्थियों के लिए आवंटित रोल नंबर और रोल कोड के अनुसार सिटिंग अरेंजमेंट करने के निर्देश दिए गए हैं।
- वीक्षकों को केंद्राधीक्षकों द्वारा पहचान पत्र जारी किया जाएगा ताकि परीक्षा केंद्र में अनधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश रोका जा सके।

# मैट्रिक-इंटर परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों पर निषेधाज्ञा लागू

**परीक्षा 11 फरवरी से 3 मार्च तक, निषेधाज्ञा का कड़ाई से पालन अनिवार्य**

**मेदिनीनगर।** झारखंड अधिविद्य परिषद, रांची द्वारा संचालित मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 11 फरवरी से 3 मार्च तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा और हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी अनंत कुमार झा ने अपने-अपने क्षेत्र में स्थित परीक्षा केंद्रों पर निषेधाज्ञा लागू कर दी है।

**कहां लागू होगी निषेधाज्ञा?**

- सदर अनुमंडल क्षेत्र में 50 परीक्षा केंद्रों पर
- हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में 13 परीक्षा केंद्रों पर
- परीक्षा के दिन सुबह 7:45 बजे से शाम 7:20 बजे तक

### क्या-क्या रहेगा प्रतिबंधित?

**हथियार ले जाना वर्जित :** परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में घातक हथियार, लाठी (बुजुर्ग और अपंग व्यक्तियों को छोड़कर), भाला, गड़ासा, छुरा, अग्नेयास्त्र आदि ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा।

**भीड़ इकट्ठी करना मना :** पांच या अधिक लोगों के इकट्ठा होने (मजमा लगाने) पर रोक रहेगी।

**लाउडस्पीकर पर रोक :** परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर के अंदर बिना अनुमति लाउडस्पीकर का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा।

**अनाधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश वर्जित :** प्रतिनियुक्त पदाधिकारी, वीक्षक, परीक्षार्थी और पुलिस बल को छोड़कर किसी को भी परीक्षा केंद्र के 100 मीटर के भीतर जाने की अनुमति नहीं होगी।

**नकल सामग्री का वितरण वर्जित :** चिट-पुर्जे या प्रश्नपत्र वितरित करने पर सख्त पाबंदी रहेगी।

### किनको मिलेगी छूट?

यह निषेधाज्ञा दाह-संस्कार, धार्मिक आयोजनों और शादी-विवाह के जुलूस पर लागू नहीं होगी। प्रत्येक परीक्षा के दिन ही रहेगा प्रभावी।

यह निषेधाज्ञा प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर निर्धारित तिथि को ही लागू रहेगी और परीक्षा समाप्त होने के दो घंटे बाद तक प्रभावी रहेगी।

# मांगों के समर्थन में 25 को जिला मुख्यालय में धरना देगी भाकपा

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला कमरटी की बैठक इप्टा कार्यालय में शनिवार को संपन्न हुई। बैठक में राज्य परिषद एवं राष्ट्रीय परिषद की रिपोर्टिंग की गई। इस दौरान रिपोर्टिंग करते हुए भाकपा के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि झारखंड में बालू की कालाबाजारी हो रही है, इस कारण दलालों के माध्यम से यह काफी ऊंचे दाम पर बिक रहा है। राज्य के पदाधिकारी इस कालाबाजारी पर लगाम में नाकाम साबित हो रहे हैं। झारखंड भ्रष्टाचारियों के लिए चारागाह का अड्डा बना गया है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि भाकपा आगामी 25 फरवरी को जिला मुख्यालय पर विभिन्न मांगों के समर्थन में एक दिवसीय धरना देगी। साथ ही 24 मार्च को विधानसभा का मार्च भी करने का निर्णय लिया है। मौके पर जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी ने कहा कि यह वर्ष कम्युनिस्ट पार्टी के संघर्ष और संगठन का वर्ष होगा। इस वर्ष पार्टी की सदस्यता दोगुनी करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने छात्र और नौजवानों से स्वच्छ राजनीति के लिए भाकपा की सदस्यता ग्रहण करने की अपील की। वरिष्ठ भाकपा नेता सूर्यपत सिंह ने कहा कि जिले में व्याप्त जन समस्याओं, नगर निगम में व्याप्त घूसखोरी, लूट के खिलाफ, दलित आदिवासियों की जमीन की लूट एवं बालू घाटों को फ्री करने सहित अन्य समस्याओं को लेकर 25 फरवरी को जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करेगी। बैठक में राज्य कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र सिंह, नगर सचिव सुरेश ठाकुर, उमेश सिंह चेरो, राजेंद्र बैठा, निरंजन कमलापुरी, लखन राम, मोइनुद्दीन अंसारी, गफ्फार अंसारी, प्रभु साव समेत कई लोग उपस्थित थे।

# 100 मीटर दौड़ में आस्था व चेस में अंजलि प्रथम

**योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज में युवा महोत्सव का आयोजन**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज में युवा महोत्सव के दूसरे दिन शनिवार को बैडमिंटन, कबड्डी, 100 मीटर दौड़, कैरम, चेस आदि खेल का आयोजन किया। खेलकूद प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने उत्साह के साथ काफी संख्या में भाग लिया। कबड्डी का आयोजन डॉ. जेनिफर गुड़िया, डॉ. संगीता कुजूर ने किया। बैडमिंटन का आयोजन डॉ. सुप्रिया सोनालिका, डॉ. विकास साव, प्रेम शंकर पाठक ने किया। कैरम का आयोजन डॉ. विकास चौधरी ने किया। कैरम में आफरीन विनर और सिलवंती रनर रही। 100 मीटर रेस का आयोजन डॉ, मीना कुमारी, डॉ. मिनी टुडू, डॉ. सुप्रिया सोनालिका ने किया। इसमें आस्था प्रथम, रानी कुमारी दूसरे और तीसरे स्थान में लक्ष्मी रही। चेस का आयोजन डॉ. मिनी टुडू ने किया। चेस में अंजलि प्रथम और दूसरे स्थान पर किरण कुमारी रही। मौके पर प्रो. सीमा, डॉ. ललिता भगत, डॉ. मशरीक जहां, आशीष कुमार, श्वेता, कल्पना कुमारी सलमा मौजूद थी। डॉ. सोनालिका ने कार्यक्रम का संचालन किया। डॉ, शोभा रानी ने बताया कि सांस्कृति कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को होगा। इस दिन मेहंदी, रंगोली, पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। कबड्डी व बैडमिंटन का फाइनल भी सोमवार को होगा।

### दिल्ली में भाजपा की जीत राष्ट्रवादी नीतियों की विजय : मनोज सिंह



**मेदिनीनगर।** भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री मनोज सिंह ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व, पार्टी की राष्ट्रवादी नीतियों और विकासपरक सोच की विजय है। मनोज सिंह ने कहा कि जनता ने भाजपा की नीतियों पर भरोसा जताया है और यह जीत कार्यकर्ताओंकी मेहनत व समर्पण का परिणाम है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं और समर्थकों को बधाई दी और कहा कि भाजपा इसी ऊर्जा के साथ जनता की सेवा में समर्पित रहेगी।

### दिल्ली में भाजपा की प्रचंड जीत, राष्ट्रवादी विचारधारा की जीत : अमित तिवारी



**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर कहा कि यह जीत पार्टी की राष्ट्रवादी विचारधारा और विकास की नीति की जीत है। उन्होंने कहा कि भाजपा को मिली यह प्रचंड सफलता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व और पार्टी कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि यह जनमत देश के विकास और स्थिरता की दिशा में जनता के समर्थन को दर्शाता है।

### दिल्ली की जनता ने केजरीवाल को नकारा, मोदी पर जताया भरोसा : मंगल सिंह



**मेदिनीनगर।** पूर्व उप महापौर मंगल सिंह ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड बहुमत मिलने पर जनता का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पूरा विश्वास जताया है, जिससे यह स्पष्ट हो गया है कि मोदी लहर अब भी बरकरार है। मंगल सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार झूठे वादों के सहारे ज्यादा दिन नहीं टिक सकती थी, जिसे दिल्ली की जनता ने पूरी तरह नकार दिया है। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों को बधाई देते हुए कहा कि यह जीत राष्ट्रवादी विचारधारा और विकास की राजनीति की जीत है।

**श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान महायज्ञ का चौथा दिन**

# जिसका कोई सहारा नहीं होता उसके सहारा ईश्वर होते है : अलका किशोरी

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान महायज्ञ के दसवें अधिवेशन के चौथे दिन वृंदावन से पधारी भागवत कथा वाचिका अलका किशोरी ने पीठ की आरती से कथा की शुरूआत की। इस दौरान संगीतमय कथा का श्रवण कर श्रद्धालु झूम उठे। अलका किशोरी ने भक्त ध्रुव तथा प्रहलाद की भक्ति नरसिंह अवतार, समुद्र मंथन, वामनावतार, भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव प्रसंग का अद्भुत वर्णन किया, जिससे भक्त और श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। उन्होंने कथा में कहा कि भगवत भक्ति ही संसार में एकमात्र सहारा है। संसार में मात्र मोह माया का जाल है। जब व्यक्ति का अंत समय आता है तो सभी नाते रिश्ते छूट जाते हैं उसे वक्त सिर्फ भगवान का ही साथ प्राप्त होता है। अंतिम समय में जो भगवान का नाम लेता है वह प्रभु की कृपा को प्राप्त करता है। जिसका कोई सहारा नहीं होता इसका सहारा ईश्वर होते हैं। वर्तमान समय में युवा पीढ़ी को प्रेम शब्द की गहराई को समझना चाहिए। सांसारिक प्रेम का रूप वास्तविक नहीं है, परंतु भागवत प्रेम ही सबसे सच्चा है। प्रेम मयार्दा पालन और अच्छे संस्कार की सीख देता है। कथा के दौरान सैकड़ों महिला पुरुष श्रद्धालु उपस्थित थे।

# दिल्ली में भाजपा की शानदार जीत पर कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की शानदार जीत की खुशी में पलामू जिला भाजपा के कार्यकर्ताओं जश्न मनाया। पार्टी कार्यकर्ता छहमुहान पर एकत्रित हुए। वहां जमकर आतिशबाजी करने के साथ ढोल-नगाड़ों की थाप पर जमकर जश्न मनाया। कार्यकर्ता इस दौरान आपस एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर व मिठाइयां बांटी। मौके पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य अविनाश वर्मा ने कहा कि यह जीत कार्यकर्ताओं की मेहनत और पार्टी की जन-कल्याणकारी नीतियों पर जनता के विश्वास का परिणाम है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली में नई सरकार बनने की बात कही। जिला मंत्री सोमेश सिंह ने कहा कि दिल्ली की जनता ने केजरीवाल के झूठे वादों को पूरी तरह नकार दिया है। उन्होंने विश्वास जताया कि दिल्ली में शुरू हुई विकास यात्रा अन्य प्रदेशों में भी जारी रहेगी। इस अवसर पर दुर्गा जौहरी, ओमप्रकाश पप्पू, प्रिय रंजन कुमार, विजय कुशवाहा, स्वेतांग गर्ग, श्रवण गुप्ता, राजहंस अग्रवाल, सतीश पासवान, सत्यवान तिवारी, रंजीत सिंह, संदीप दास, विवेक कुमार, रेणु देवी, श्याम राम, शुभम गुप्ता, विकास सिंह, मीना गुप्ता, रीना किशोर, रेणू देवी, सुमन सिंह, मनीष बर्मन, शिव मिश्रा, शैलेश सिंह सहित भाजपा के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### डॉ. नटवा हांसदा के जैक चेयरमैन नियुक्ति से शिक्षा में सुधार की उम्मीद : हृदयानंद मिश्र

**मेदिनीनगर।** झारखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं झारखंड आंदोलनकारी हृदयानंद मिश्र ने डा. नटवा हांसदा को झारखंड एकेडमिक काउंसिल का चेयरमैन नियुक्त किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इस नियुक्ति से झारखंड की शिक्षा व्यवस्था में गुणात्मक सुधार आएगा। मिश्र ने डा. हांसदा को एक प्रसिद्ध शिक्षाविद् और दूरदर्शी व्यक्ति बताया और राजकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, रांची में उनके प्रभारी प्राचार्य के रूप में कार्यकाल की सराहना की। उन्होंने समय पर आगामी बोर्ड परीक्षाओं के आयोजन की घोषणा के लिए भी डा. हांसदा की प्रशंसा की।

# झारोटेफ ने कर्मचारी मांगों को लेकर चार चरणों में आंदोलन की घोषणा की

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** झारखंड ऑफिसर्स टीचर्स एंड ऑल एम्पलाईज फेडरेशन (झारोटेफ) ने राज्य सरकार के कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर चार चरणों में आंदोलन करने की घोषणा की है। झारोटेफ के जिलाध्यक्ष मनोज मेहता ने बताया कि इस आंदोलन का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को एमएसीपी का लाभ, सेवानिवृत्ति आयु 62 वर्ष करना और केंद्रीय कर्मचारियों के समान शिशु शिक्षण भत्ता प्रदान करना है।

**मेहता ने बताया कि आंदोलन के चरण इस प्रकार हैं**

फरवरी में हस्ताक्षर अभियान, मार्च में प्रखंड स्तर पर पैदल मार्च और ज्ञापन प्रेषण, अप्रैल में जिला स्तर पर कर्मचारी शक्ति समागम और मई में सत्तारूढ़ दल के विधायकों/मंत्रियों के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपना। चरणबद्ध आंदोलन का समापन 22 जून को रांची के मोहरावादी मैदान में आयोजित होने वाली विशाल कर्मचारी महासभा से होगा, जिसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मुख्य अतिथि होंगे। मेहता ने पलामू जिले के सभी कर्मचारियों से हस्ताक्षर अभियान में सक्रिय सहयोग करने का आह्वान किया है।

# ट्रस्ट पलामू को दुर्घटनामुक्त बनाने की दिशा में काम कर रहा है : शर्मिला वर्मा

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** शून्य दुर्घटना हमारा उद्देश्य, हर जीवन है हमको प्यारा! इस नारे के साथ वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट पलामू में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चला रहा है। यह प्रमंडल की एकमात्र ऐसी सामाजिक संस्था है जो लगातार सड़क सुरक्षा पर जोर दे रही है, लोगों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने और सड़कों पर सावधानी बरतने के लिए प्रेरित कर रही है।

संस्था विशेष रूप से स्कूली बच्चों पर ध्यान केंद्रित करती है, ताकि वे स्वयं सुरक्षित रहें और अपने परिवारों को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। संस्था बच्चों को सिखाती है कि हेल्मेट और सीट बेल्ट का उपयोग केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि अपनी सुरक्षा के लिए जरूरी है।

वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट की सचिव, शर्मिला वर्मा का सपना है पलामू को दुर्घटनामुक्त बनाना - एक 'नो एक्सीडेंट जोन'। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए संस्था की टीम लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इस ऊजार्वान टीम में मयूरेश द्विवेदी, लक्ष्य श्रेष्ठ, ब्लॉगर अभिषेक तिवारी, मन्नत सिंह बग्गा जैसे युवाओं के साथ-साथ शर्मिला वर्मा, राखी सोनी, रिनू शर्मा, फरहा नाज और संध्या अग्रवाल जैसी महिलाएं भी शामिल हैं, जो रोचक तरीके से लोगों को सड़क सुरक्षा के बारे में शिक्षित करती हैं।

हाल ही में टीम वरदान ने पोखराहा स्थित एमएसए स्कूल में बच्चों को सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक किया। ट्रैफिक प्रभारी शमाल अहमद का भी इस अभियान में महत्वपूर्ण योगदान है। आज के कार्यक्रम में शमाल अहमद, शर्मिला वर्मा, राखी सोनी और रिनू शर्मा शामिल थे।

### दिल्ली की जनता ने केजरीवाल को नकारा : भाजपा

**इटखोरी (चतरा)।** 27 वर्षों के बाद दिल्ली में भाजपा के प्रचंड जीत की खुशी में जिला महामंत्री मृत्युंजय सिंह समेत भाजपा कार्यकर्ताओं ने इटखोरी प्रखंड मुख्यालय में एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस बीच महामंत्री ने कहा कि दिल्ली की जनता ने केजरीवाल सरकार को नकारते हुए 27 वर्षों के बाद भाजपा पर भरोसा जताया है। भाजपा कार्यकर्ताओं के मेहनत की यह सफलता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का सभी ने आभार जताते हुए कहा की दिल्ली की यह जीत एक ऐतिहासिक जीत है। मौके पर रामदीन सिंह, सचितानंद प्रसाद, रणधीर सिंह ओमप्रकाश सिंह, बीजेश प्रसाद, विश्वंभर सिंह, सियाराम सिंह, दीपक सिन्हा समेत अन्य मौजूद थे।

# ई-कोर्ट प्रशिक्षण : पलामू न्यायालय में अधिवक्ताओं और क्लर्कों को मिली डिजिटल न्याय की नई समझ

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** उच्चतम न्यायालय के निदेशार्नुसार और पलामू जिला के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में शनिवार को एक दिवसीय ई-कोर्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण ई-कोर्ट प्रोग्राम (ईसीटी) के अंतर्गत 2024 ई-कोर्ट क्षमता निर्माण (फेज-3) का हिस्सा था। कार्यक्रम का उद्घाटन श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलित कर किया। मास्टर ट्रेनर राहुल सत्यार्थी और चार्जरस सुराणा (डीसीएस) ने लगभग 50 अधिवक्ताओं और क्लर्कों को प्रशिक्षण दिया।

श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि न्यायिक कार्य में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी का उपयोग अत्यंत आवश्यक हो गया है। उन्होंने ई-फाइलिंग और ई-पेमेंट की सुविधाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह न्याय को अधिक सुलभ और सरल बनाने का एक प्रयास है। उन्होंने ई-कोर्ट एप के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बताया कि कैसे यह आम जनता तक न्याय पहुँचाने में मददगार है। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव ने भी ई-कोर्ट प्रणाली के महत्व पर प्रकाश डाला। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से अधिवक्ताओं और क्लर्कों को डिजिटल न्यायिक प्रक्रियाओं की बेहतर समझ प्राप्त हुई है।

इस अवसर पर झारोटेफ के महासचिव अजय कुमार पाण्डेय ने कहा कि इस प्रशिक्षण से अधिवक्ताओं और क्लर्कों में कार्यकुशलता बढ़ेगी और वे आम लोगों को ई-कोर्ट प्रणाली के बारे में जागरूक कर सकेंगे। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने ई-कोर्ट प्रणाली को वर्तमान समय की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया और कहा कि यह प्रशिक्षण अधिवक्ताओं को न्यायिक प्रक्रियाओं की डिजिटल प्रक्रियाओं को प्रभावी ढंग से समझने में मदद करेगा, जिससे न्यायिक प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, तेज और सुगम बनेगी।

# गुमला के दो किसानों को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

रांची स्थित बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित प्रदेश स्तरीय एग्रोटेक किसान मेला में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुमला जिले के दो प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने राम मुंडा (सातों, बिशुनपुर) और अजय महली (करमटोली, गुमला) को प्रशस्ति पत्र एवं शाल भेंटकर सम्मानित किया।

**वैज्ञानिक पद्धति से कर रहे सूअर पालन**

अजय महली ने कृषि विज्ञान केंद्र गुमला (विकास भारती बिशुनपुर) द्वारा संचालित आर्या परियोजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर वैज्ञानिक ढंग से सूअर पालन शुरू किया। इससे वे हर साल 2 से 3 लाख रुपये की आमदनी अर्जित कर रहे हैं।

इसी तरह, राम मुंडा ने भी कृषि के साथ-साथ सूअर पालन को अपनाया। कृषि विज्ञान केंद्र गुमला से प्रशिक्षण लेकर उन्होंने इस व्यवसाय को आगे बढ़ाया और अब प्रतिवर्ष 1.5 से 2 लाख रुपये कमा रहे हैं।

**मुख्यमंत्री ने प्रगतिशील किसानों की सराहना की**



सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड के किसान अगर पारंपरिक खेती के साथ आधुनिक कृषि तकनीकों और पशुपालन को अपनाएं, तो वे आत्मनिर्भर बन सकते हैं। उन्होंने प्रदेश के अन्य किसानों को भी प्रेरणा लेने की अपील की।

यह सम्मान न सिर्फ राम मुंडा और अजय महली के लिए गर्व की बात है, बल्कि गुमला जिले के लिए भी एक बड़ी उपलब्धि है।

## जिप सदस्य की गैर मौजूदगी में हुआ मेला का उद्घाटन

**केरसई।** प्रखंड में लगने वाले वार्षिक जतरा मेला का उद्घाटन शनिवार को किया गया। मेला के संवेदक ने केरसई जिला परिषद सदस्य प्रेमा बाड़ा को मेला उद्घाटन हेतु बुलाया था, वहीं जिप सदस्य उद्घाटन हेतु गंतव्य की ओर प्रस्थान कर चुकी थीं। परंतु संवेदक के द्वारा जिला परिषद पद की गरिमा को ताक पर रखकर आनन फानन में केरसई के अंचलाधिकारी के हाथों केरसई मेला का उद्घाटन करा दिया गया। जिसपर जिप सदस्य ने नाराजगी व्यक्त की और कहा कि पद का सुनियोजित तरीके से मेला संवेदक के द्वारा अपमान किया गया है तथा प्रखण्ड के किसी भी जनप्रतिनिधियों को उद्घाटन पर नही बुलाया गया यह चिंताजनक है।

## नाबालिग को भगाने के आरोपी के घर चिपकाया गया न्यायालय का इश्तिहार

**गुमला।** डुमरी थाना क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की को भगाने के आरोपी प्यारे हुसैन (निवासी- जैरागी, उम्र 26 वर्ष) के खिलाफ गुमला न्यायालय से जारी इश्तिहार को पुलिस ने उसके घर पर विधिवत चिपकाया। यह कार्रवाई डुमरी थाना कांड संख्या- 21/2024 के तहत की गई, जिसमें आरोपी पर नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप है। पीड़िता की मां द्वारा डुमरी थाना में इसकी लिखित शिकायत दर्ज कराई गई थी। कांड के अनुसंधानकर्ता एसआई मनोज कुमार ने आरोपी के घर न्यायालय से निर्गत इश्तिहार चिपकाने की पुष्टि की। थाना प्रभारी अनुज कुमार ने बताया कि आरोपी को न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण करने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। यदि वह तय समय सीमा में आत्मसमर्पण नहीं करता है, तो उसके घर की कुर्की-जब्ती की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## ई-जनशिकायत कार्यक्रम: वीसी के माध्यम से गूंजीं जनता की समस्याएं



**गुमला।** चैनपुर और भरनो प्रखंड के नागरिकों ने अपनी समस्याओं को सीधे प्रशासन तक पहुंचाने के लिए ई-जनशिकायत कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपनी शिकायतें साझा कीं। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता परियोजना निदेशक, रीना हांसदा ने की। कार्यक्रम में 25 से अधिक नागरिकों ने पेंशन, राशन, पीएम किसान योजना, सड़क और नाली निर्माण, पुलिया निर्माण, जलमीनार मरम्मत, आवास और अन्य सरकारी योजनाओं से जुड़ी समस्याएं रखीं। परियोजना निदेशक रीना हांसदा ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों को समस्याओं का तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए। छोटे-छोटे पीसीसी निर्माण के लिए 15वें वित्त आयोग से कार्य कराने का निर्देश दिया गया, जिससे ग्रामीणों को बुनियादी सुविधाओं का लाभ मिल सके। श्रीमती हांसदा ने कहा कि प्रशासन आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह तत्पर है। उन्होंने निर्देश दिए कि स्थानीय स्तर पर हल की जा सकने वाली समस्याओं का तुरंत निवारण किया जाए, और जो समस्याएं पंचायत एवं ग्राम स्तर पर हल हो सकती हैं, उन्हें ग्राम सभा के माध्यम से निपटाया जाए।

## देसी कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ अपराधी गिरफ्तार जेल भेजा गया

**गुमला।** गुमला जिले के सदर थाना क्षेत्र के शिलाफारी हुंडरा टोली से पुलिस ने केलटा झोरा नामक व्यक्ति को देसी कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में शनिवार को थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुमला एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम का गठन कर छापेमारी की गई। इस दौरान जब पुलिस ने शिलाफारी हुंडरा टोली स्थित केलटा झोरा के घर की तलाशी ली, तो धान के बोरे में छुपाकर रखा गया एक देसी कट्टा बरामद हुआ, जिसमें .315 बोर का जिंदा कारतूस लोड था। पूछताछ में अपराधी ने स्वीकार किया कि वह इस हथियार का इस्तेमाल लोगों को डराने-धमकाने और रंगदारी वसूलने के लिए करता था। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी पहले भी सिसई थाना क्षेत्र में एक हत्या के मामले में जेल जा चुका है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि उसके संपर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं।

## चेचिस ट्रक दुर्घटना में चालक की मौत



**कुरडेग।** सिमडेगा मुख्य पथ कस्तूरबा स्कूल के समीप शुक्रवार रात में हुए सड़क हादसे में ट्रक चेचिस के चालक की मौत कुरडेग अस्पताल में हो गई । चालक की पहचान भी शिव कुमार राव 39 वर्ष पिता भी सान्याली राव निवासी काला बगान जमशेदपुर के रूप में हुई । प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक चेचीस टाटा से पुणे महाराष्ट्र जा रहा था इसी कम में कस्तूरबा स्कूल के समीप घुमावदार सड़क पर दो पेड़ों में जोरदार टक्कर मार दी । जिससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया । कुरडेग पुलिस को जानकारी मिलते ही तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर घायल चालक को ईलाज के लिए कुरडेग अस्पताल लाई जहाँ इलाज के क्रम में देर रात चालक की मौत हो गई । वहीं कुरडेग पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया । इधर दुर्घटना में लोगों ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि करंगागुड़ी और कुरडेग के बीच अक्सर चेचीस ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो रही है जिसका मुख्य कारण करंगागुड़ी से कुरडेग के बीच अलग अलग स्थानों पर ढ़ाबा है जहाँ ये चालक अक्सर रुकते है और भोजन करते हैं ।

## शिक्षा में नवाचार और राष्ट्रीय चरित्र निर्माण पर हुआ मंथन




**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, गुमला में आयोजित चार दिवसीय प्रधानाचार्य सम्मेलन का आज सफल समापन हुआ। इस सम्मेलन में झारखंड भर से 200 से अधिक प्रधानाचार्यों ने भाग लिया और शिक्षा प्रणाली में सुधार, नई शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन, डिजिटल शिक्षा के महत्व और राष्ट्रीय चरित्र निर्माण जैसे विषयों पर गहन मंथन किया।

**नई शिक्षा नीति और डिजिटल शिक्षा पर जोर**

सम्मेलन में नई शिक्षा नीति 2020 को प्रभावी ढंग से लागू करने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने शिक्षा के डिजिटलीकरण को समय की आवश्यकता बताते हुए प्रधानाचार्यों को विद्यालयों में तकनीकी संसाधनों के अधिकतम उपयोग के लिए प्रेरित किया।

**प्रधानाचार्यों के कंधों पर राष्ट्रीय चरित्र निर्माण की जिम्मेदारी: गोपाल**

समापन सत्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक गोपाल ने कहा कि प्रधानाचार्य शिक्षा के स्तंभ हैं और उनके कंधों पर राष्ट्रीय चरित्र निर्माण की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने भारतीय शिक्षा प्रणाली को चुनौतियों से उबारने के लिए शिक्षकों और प्रधानाचार्यों की भूमिका को अहम बताया।

**सम्मेलन में हुई विविध गतिविधियां**

सम्मेलन के दौरान शिशु वाटिका और खेल सामग्री प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। आगंतुक प्रधानाचार्यों का स्वागत विद्यालय की बहनों ने हस्तनिर्मित रुमाल और भैया ने अंग वस्त्र भेंट कर किया।

**सम्मेलन में शामिल विशिष्ट अतिथि**

समापन समारोह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक सच्चिदानंद अग्रवाल, विद्या भारती के राष्ट्रीय मंत्री ब्रह्मा राव, क्षेत्रीय संगठन मंत्री ख्याली राम, विद्या विकास समिति के प्रदेश मंत्री डॉ. बृजेश कुमार, प्रदेश सह मंत्री डॉ. पूजा, प्रदेश सचिव नकुल कुमार शर्मा, और स्थानीय प्रबंधन समिति के सचिव विजय बहादुर सिंह सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

**सम्मेलन से मिली नई दिशा**

प्रधानाचार्यों ने सम्मेलन को बेहद उपयोगी बताया और कहा कि यह शिक्षा की नई दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएगा।

## फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के लिए हजारों बच्चों ने की जागरूकता रैली

### 10 फरवरी से शुरू होगा एमडीए अभियान




**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिले में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से एक भव्य प्रभात फेरी का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 2000 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस रैली में एसएस प्लस टू गर्ल्स, एसएस प्लस टू बॉयज, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय गुमला एवं एएनएम कॉलेज गुमला के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

यह जागरूकता रैली आगामी फाइलेरिया मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए आयोजित की गई, जो 10 से 25 फरवरी 2025 तक चलेगा।

**फाइलेरिया: एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती**

फाइलेरिया एक घातक संक्रमण है, जो मच्छरों के काटने से फैलता है और इसे दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी विकलांगता पैदा करने वाली बीमारी माना जाता है। यह संक्रमण बचपन में ही शुरू हो सकता है, लेकिन 5 से 15 वर्षों बाद अपने गंभीर लक्षणों के साथ प्रकट होता है।

**अभियान के तहत दी जाने वाली दवाएं:-**

इस अभियान के तहत डीईसी (डाइथाइलकाबार्माजिन) और अल्बेंडाजोल की निःशुल्क दवा वितरित की जाएगी। दवा सेवन के निर्देश इस प्रकार हैं:

**1-2वर्ष:** आधी गोली अल्बेंडाजोल

**2-5 वर्ष:** 1 गोली डीईसी + 1 गोली अल्बेंडाजोल

**6-14 वर्ष:** 2 गोलियां डीईसी + 1 गोली अल्बेंडाजोल

**15 वर्ष:** और उससे अधिक: 3 गोलियां डीईसी + 1 गोली अल्बेंडाजोल

**विद्यालयों और संगठनों का सहयोग**

इस अभियान की सफलता में विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिन्होंने बच्चों को जागरूक किया। पीरामल फाउंडेशन, गुमला की टीम ने भी पूरे अभियान में सहयोग प्रदान किया।

## सिमडेगा में मनरेगा सप्ताह कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**सिमडेगा।** जिला ग्रामीण विकास शाखा, सिमडेगा में मनरेगा सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में सर्वप्रथम उपायुक्त द्वारा सभी पदाधिकारी/कर्मी/मनरेगा मेट/बागवानी सखी/मनरेगा श्रमिक से मनरेगा योजनाओं में किस प्रकार उनके द्वारा कार्य किया जाता है इसके बारे में जानकारी ली गई। ऐसे मनरेगा श्रमिक जिनके द्वारा 100 दिनों का रोजगार सृजन किया है। उन्होने बताया कि मेरे द्वारा अपने बागवानी योजना, सिंचाई कूप योजना एवं अन्य योजनाओं में कार्य कर 100 दिनों का रोजगार सृजन किया गया है साथ ही उन्नती योजना के अन्तर्गत मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण लेकर मशरूम का उत्पादन भी किया जा रहा है। उपायुक्त द्वारा उन्हें प्रोत्साहित करते हुए मशरूम उत्पादन के कार्य को बृहत पैमाने पर करने का सुझाव दिया गया, जिससे उनके आय के श्रोत में वृद्धि हो। महिला मेट से उनके कार्यों की जानकारी ली गई। उनके द्वारा बताया गया कि हमलोगों के द्वारा मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, टीसीबी योजना एवं अन्य योजनाओं में मजदूरों को कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया। बागवानी सखी द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा बिरसा हरित ग्राम योजना का देख-रेख यथा - जलकुण्ड निर्माण कराना, पौधों में ससमय दवा एवं खाद डालने, पौधों में एच-टेका लगाने जैसे क्रियाकलाप करने हेतु लाभुकों को जानकारी दी जाती है।

## तेज रफ्तार कार ने स्कूल जा रही छात्रा को मारी टक्कर, हालत गंभीर





**जलडेगा।** शुक्रवार को जलडेगा थाना क्षेत्र के मामाभगिना बारला टोली के पास एक तेज रफ्तार कार ने साइकिल से स्कूल जा रही छात्रा को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि छात्रा हवा में उछलकर कई मीटर दूर जा गिरी। छात्रा की पहचान ब्यूटी होरो, पिता निरल होरो, गांव मामा भगिना गिरजा टोली निवासी के रूप में हुई है, जो जयंती उच्च विद्यालय गांगु टोली में कक्षा 10वीं की छात्रा है। वर्तमान में छात्रा मीट्रिक परीक्षा की तैयारी के लिए कोचिंग कर रही थी, जिसका स्कूल से 14 फरवरी को विदाई भी होना था। वहीं कार लाडो चौक मोड़ से जामडीह होकर ओडिशा की ओर जा रही थी। इसी क्रम में तेज रफ्तार कार (फ्ख413अ4040) ने छात्रा को अपने चपेट में ले लिया। जिससे छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई है। खबर लिखे जाने तक छात्रा का इलाज राउरकेला के हाइटेक हॉस्पिटल में चल रहा है। जो अभी तक अचेत अवस्था में है और बात भी नहीं कर रही है।

**परिजनों का आरोप बांसजोर पुलिस ने आरोपी चालक को छोड़ा**

छात्रा के परिजनों ने मीडिया से बात चीत के दौरान बताया कि घटना सुबह 6.30 बजे की है। दुर्घटना इतनी जोरदार थी कि छात्रा की साइकिल पूरी तरह बैंड हो गया है वहीं गाड़ी का भी अगला हिस्सा पूरी तरफ क्षतिग्रस्त हो गया है। इतनी दर्दनाक घटना होने के बाद भी चालक ने बच्ची को उठाना सही नहीं समझा वो सीधा भाग गया। परिजनों ने बताया कि गाड़ी में कुल तीन लोग सवार थे। घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय ग्रामीणों द्वारा सबसे पहले बांसजोर ओपी को घटना की जानकारी दी गई और दुर्घटना के बाद भाग रही गाड़ी और चालक को पकड़ने के लिए कहा गया। इसके बाद ग्रामीणों ने 108 एम्बुलेंस को फोन किया। छात्रा को सदर अस्पताल सिमडेगा लिया गया जहां डॉक्टरों ने छात्रा को रिम्स रेफर कर दिया। परन्तु परिजनों ने छात्रा को राउरकेला में एडमिट कराया। इधर घटना के कुछ देर बाद बांसजोर पुलिस ने परिजनों को फोन पर बताया कि खमनटांड़ चेक नाका के पास गाड़ी को पकड़ लिया गया है। जिसके बाद गांव के कुछ युवक बांसजोर गए। तब बांसजोर पुलिस ने बताया कि गाड़ी को सिर्फ पकड़ा गया है चालक और बाकी लोगों को छोड़ दिया गया है। जिसके बाद परिजनों ने जलडेगा थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाया, जिसके बाद दुर्घटना ग्रस्त गाड़ी को जलडेगा पुलिस लेकर आई और लिखित आवेदन के बाद प्राथमिकी किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि एक बच्ची को मरते हालत में छोड़ कर भागने वाले चालक को पकड़ने के बाद आखिर क्यूं छोड़ा गया। पुलिस की इस कारवाई पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं और अब यह यह जगह जगह चर्चा का विषय बना हुआ है।

## बिंजा मरचा में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में विधिक जागरूकता शिविर

**बानो।** प्रखंड के ग्राम बिंजा मरचा में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा दी जानेवाली निःशुल्क कानूनी सहायता के बारे में जानकारी दी गई। ग्रामीणों ने अपनी कई समस्याओं से संबंधित जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव को आवेदन देकर बिंजामर्चा बरटोली, बड़ाइक टोली, जराटोली एवं गंझूटोली में लगे विगत एक वर्ष पहले जल मीनार खराब होने की जानकारी देते जमीनार बनवाने की गुहार लगाई है। ग्रामीणों ने बताया कि चार टोलों में विगत एक वर्ष पहले लगे जल मीनार खराब पड़े हैं।

## पत्नी ने पति के ऊपर पेट्रोल छिड़कर किया आग के हवाले, खुद भी झुलसी



**घाघरा।** घाघरा थाना छेत्र के नौनी में शनिवार को पत्नी धनमुनि देवी ने अपने पति जितिया को टांगी से मार घायल कर दिया उसके बाद पति के ऊपर पेट्रोल छिड़क आग लगा दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जब जितिया जलने लगा तो वह बचने के ख्याल से बाहर भागा इसी बीच पत्नी धनमुनि सामने आ गयी और वह भी हल्का झुलस गई। आग की चपेट में उसका दस माह का बेटा अंश भी आ गया। बाप, बेटे एवं पत्नी तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा एम्बुलेंस से लाया गया जहां प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज हेतु पति, पत्नी एवं अंश को सदर अस्पताल गुमला भेज दिया। घटना के बावत जानकारी के अनुसार धनमुनि एवं जितिया के बीच खाना को लेकर विवाद हुवा और मामला इतना बढ़ गया कि गुस्से में आकर पत्नी ने पति को पहले टांगी से मार घायल कर दिया फिर पटवन के लिए रखे पेट्रोल को छिड़क आग लगा दी। धनमुनि गुस्से में आकर अपना आपा इस कदर खो दी कि वह अपने नन्हे बच्चे का भी ख्याल नही रहा।

## गुमला में द्वितीय साहित्य महोत्सव का हुआ आयोजन




**गुमला।** गुमला जिला प्रशासन के तत्वावधान में द्वितीय गुमला साहित्य महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें इस वर्ष की थीम पेंट माई विलेज रखी गई है। इस थीम के तहत चित्रकला, रील निर्माण, कहानी लेखन और कविता लेखन जैसी रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इस महोत्सव का उद्देश्य ग्रामीण संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक जीवन को कलात्मक अभिव्यक्ति देना है, जिससे स्थानीय प्रतिभाओं को अपने कौशल को प्रदर्शित करने का मंच मिल सके।

**प्रतियोगिता में भाग लेने की अंतिम तिथि 11 फरवरी 2025**

प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी अपनी प्रविष्टियां 11 फरवरी 2025 तक जमा कर सकते हैं। प्रविष्टियां ईमेल के माध्यम से भेजी जा सकती हैं या सीधे गुमला साइंस सेंटर में जमा की जा सकती हैं। गुमला जिला प्रशासन ने सभी साहित्य एवं कला प्रेमियों से इस महोत्सव में सक्रिय भागीदारी की अपील की है, जिससे ग्रामीण संस्कृति को एक नई पहचान मिल सके।


## कार्यालय नगर परिषद, चतरा।

पुराना कचहरी के समीप, चतरा (झारखण्ड)– 825401

दुरभाष : 06541–253030, ई–मेल : npchatra@gmail.com

पत्रांक–145 / न0प0,दिनांक–07.02.2025

**आम सूचना**

प्रधानमंत्री आवास याजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (BLC) घटक–IV हेतु नगर परिषद, चतरा कार्यालय में आवेदन पत्र जमा लिया जा रहा है। शहरी स्थानीय निकाय क्षेत्र में रहने वाले आवास विहिन वैसे योग्य लाभुक जो विभिन्न कारणों से योजना के लाभ से वंचित रह गये है, ऐसे सभी लाभुकों को सूचित किया जाता है कि यदि वे योजना का लाभ लेने हेतु इच्छुक है तो सभी दस्तावेज के साथ नगर परिषद, चतरा कार्यालय में सम्पर्क कर आवेदन पत्र दिनांक–15.02.2025 तक समर्पित कर सकते हैं।

कौन कर सकते है आवेदनः–

- आवेदक अथवा उसके परिवार के सदस्य के नाम पर भारत में कहीं भी पक्का घर नही होना चाहिए।
- योजना से संबंधित लाभुकों के परिवार में पति, पत्नी एवं अविवाहित बच्चे शामिल होंगे।
- लाभार्थी आर्थिक रूप से कमजोर आय वर्ग के होंगे, जिनकी वार्षिक आय अधिकतम रू0 3 लाख हो।
- लाभुक मिशन के विभिन्न घटकों में से केवल एक घटक का हीं लाभ ले सकते हैं।

आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेजों का होना आवश्यक हैः–

- स्थल सहित पारिवारिक फोटो।
- आवेदक / आवेदिका एवं उनके पति / पत्नी के आधार कार्ड की छायाप्रति।
- आवेदक / आवेदिका के मतदाता पहचान पत्र की छायाप्रति।
- आवेदक / आवेदिका के बैंक अकाउण्ट हेतु पासबुक की छायाप्रति।
- आवेदक / आवेदिका के आय प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
- भारत वर्ष में कहीं भी पक्का मकान नही होने का शपथ पत्र।
- भू–स्वामित्व प्रमाण पत्र।
- अद्यतन होल्डिंग रसीद।
- आवेदन हेतु लाभुक का Active मोबाईल संख्या जो अधार कार्ड से लिंक्ड हो।

For more information please contact your Urban Local Body

Online आवेदन हेतु लिंकः–https://pmaymis.gov.in/ PMAYMIS2_2024/ PMAY_SURVEY/ EligiblityCheck.aspx है। साथ हीं अपने नजदीकी प्रज्ञा केन्द्र से भी ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए कार्यालय नगर परिषद, चतरा के PMAY(U) कोषांग से सम्पर्क किया जा सकता है।
नोटः– सभी आवश्यक कागजात जाँचोपरान्त स्थलीय जाँच की प्रक्रिया की जायेगी।

प्रशासक,
नगर परिषद, चतरा।

PR 346116 Urban Development(24-25)D



## कार्यालय जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त, पलामू।

(मनरेगा)

Phone No. 06562-224077,295137 E-mail- ddc-pal@nic.in

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

महात्मा गॉधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी अधिनियम अन्तर्गत, पलामू जिला में जॉबकार्ड, मापी–पुस्त एवं 7 रजिस्टर के मुद्रण हेतु इच्छुक निबंधित मुद्रकों से मुहरबंद निविदा (तकनीकी एवं वित्तीय) आमंत्रित की जाती है। छपाई हेतु नमूना जिला ग्रामीण विकास शाखा, पलामू कार्यालय में कार्यालय अवधि में अवलोकन किया जा सकता है।

| क्र0सं0 | सामग्री का नाम | विशिष्टता |
|---|---|---|
| 1 | जॉबकार्ड | 80 GSM white paper with Multi-colour Front cover of 300 GSM (24 cm x 18cm size) |
| 2 | मापी–पुस्त | 50 Sheet White paper 80 GSM (6" x 4") |
| 3 | 7 रजिस्टर Multi-colour Front cover | Register - I (80 GSM white paper 20.5 cm x 33cm size, 200 Page)<br>Register - II (80 GSM white paper 20.5 cm x 33cm size, 200 Page)<br>Register - III (80 GSM white paper 20.5 cm x 33cm size, 200 Page)<br>Register - IV (80 GSM white paper 20.5 cm x 33cm size, 200 Page)<br>Register - V (80 GSM white paper 20.5 cm x 33cm size, 200 Page)<br>Register - VI (80 GSM white paper 20.5 cm x 33cm size, 200 Page)<br>Register - VII (80 GSM white paper 20.5 cm x 33cm size, 200 Page) |

निविदा की शर्त्ते :–

1. संस्थान के पास विगत तीन वर्षो का अंकेक्षण एवं आयकर रिटर्न की प्रति उपलब्ध होना चाहिए।
2. संस्थान को मुद्रण के कार्य का तीन वर्ष का अनुभव हो।
3. निविदादाताओं को अग्रधन के रूप में 15,000 (पन्द्रह हजार) रूपये का बैंक ड्राफ्ट उप विकास आयुक्त, पलामू के नाम से जमा करना होगा।
4. मुद्रण के दर का उल्लेख सभी कर (वैट एवं अन्य) सहित होंगे।
5. आदेश निर्गत होने के 15 (पंद्रह) दिनों के अन्दर सामग्रियों की आपूर्ति जिला ग्रामीण विकास शाखा, पलामू में करना होगा जिसके लिए अन्य कोई परिवहन भत्ता देय नहीं होगा।
6. मुद्रण कार्य में हुए किसी प्रकार की त्रुटि के लिए मुद्रणकर्ता स्वयं जिम्मेवार होंगे तथा ऐसी स्थिति में किसी प्रकार का कोई भुगतान देय नहीं होगा।
7. अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये निविदा को रद्द करने अथवा कार्य को एक या एक से अधिक निविदादाताओं के बीच वितरण करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा, जिसके लिए कारण दर्शाना अनिवार्य नहीं होगा।
8. बिना कारण बताये निविदा रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
9. निविदा दिनांक 08.02.2025 को पूर्वाहन /अपराहन 10:30 बजे से दिनांक 18.02.2025 को अपराह्न 01:00 बजे तक स्वीकार किया जायेगा एवं दिनांक 18.02.2025 को /अपराह्न 02:00 बजे क्रय समिति के समक्ष निविदादाताओं अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी।

उप विकास आयुक्त–सह–
अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक,पलामू।

PR 346056 District(24-25)D

